# विश्वविद्यालय में नव प्रवेश छात्रों हेतु बीआईएस द्वारा तकनीकी व्याख्यान सत्र का आयोजन

पंतनगर। 13 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में स्नातक स्तर के नव प्रवेश प्राप्त छात्रों हेतु आयोजित दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम के अंर्तगत भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तकनीकी व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के निदेशक एवं अध्यक्ष श्री सौरभ तिवारी, संयुक्त निदेशक श्री श्याम कुमार, विश्वविद्यालय के भारतीय मानक ब्यूरो के चेयर प्राध्यापक डा. एस.बी. सिंह, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण से डा. श्वेता राय, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. छाया शुक्ला एवं विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों सहित पंतनगर विश्वविद्यालय में स्थापित 17– बीआईएस–स्टूडेन्ट चैप्टर्स के मेन्टर उपस्थित रहे।

डा. एस.बी. सिंह ने बताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय और बीआईएस के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अर्न्तगत अब तक 17–तकनीकी व्याख्यान सत्र आयोजित किए जा चुके है, विश्वविद्यालय के 29 छात्रों का बी.आई.एस. ट्रेनिंग इन्टर्नशिप के लिए चयन हुआ है, विश्वविद्यालय में 17–बीआईएस–स्टूडेन्ट चैप्टर्स बनाए जा चुके हैं इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में बी. आई.एस. कार्नर एवं बिल–बोर्ड की स्थापना की गयी है, जिससे छात्र–छात्राओं को बी.आई.एस. मानकों संबंधी जानकारी प्राप्त होगी।

बीआईएस देहरादून शाखा के निदेशक एवं अध्यक्ष श्री सौरभ तिवारी ने अपने संबोधन में छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में मानकों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला एवं मानकों के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मानकीकरण की प्रक्रिया एवं उसमें सहभागिता करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने भारत में मानकीकरण की संख्या की तुलनात्मक जानकारी विश्व के अन्य देशों के संदर्भ में भी साझा की। भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त निदेशक, श्री श्याम कुमार जो कि पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र भी रहे हैं ने छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो में वैज्ञानिक के रुप में कैरियर बनाने हेतु मार्गदर्शन किया। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के विभिन्न कार्य–कलापों की जानकारी वीडियो के माध्यम से साझा की।

